4. संज्ञा

प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु, भाव का नाम होता है, यह नाम ही संज्ञा कहलाता है।

शिक्षण-संकेत

❖ छात्र कक्षा 1 से संज्ञा शब्दों के बारे में पढ़ते आ रहे हैं। वे संज्ञा शब्दों को भली-भाँति समझ चुके हैं। अतः पाठ पृष्ठ 25 पर दिए चित्रों में से संज्ञा शब्द बताने तथा लिखने को कहें।

❖ छात्रों से संज्ञा की परिभाषा पूछें।

❖ उन्हें संज्ञा के भेद समझाएँ। कक्षा में उपस्थित वस्तु, व्यक्ति के उदाहरण द्वारा भी संज्ञा समझाई जा सकती है।

❖ छात्रों से संज्ञा के भेदों के उदाहरण बताने को कहें।

❖ सभी छात्रों को अभिव्यक्ति का अवसर दें।

❖ समझाएँ, किसी भी विशेष व्यक्ति, वस्तु आदि का नाम व्यक्तिवाचक संज्ञा, किसी प्राणी, वस्तु की संपूर्ण जाति का बोध कराने वाले शब्द जातिवाचक संज्ञा तथा मन के भावों, महसूस किए जाने वाले भावों एवं दशा-अवस्था के नाम भाववाचक संज्ञा होते हैं। पाठ पृष्ठ 26-27 पर दिए उदाहरणों को पढ़वाकर समझाएँ।

❖ समझाएँ, समूहवाचक और द्रव्यवाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा के ही भेद हैं। इन्हें विस्तार से समझाएँ।

❖ भाववाचक संज्ञा शब्द कैसे बनाए जाते हैं, विस्तारपूर्वक स्पष्ट करें। पाठ पृष्ठ 28-29 पर दी शब्द तालिका द्वारा भाववाचक संज्ञा बनाना समझाएँ।

❖ अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।

❖ सभी छात्रों को उत्तर बताने का समुचित अवसर दें।